ब्रांडेड कंपनी के बताकर बेचे जा रहे थे लोअर, जिले में मुरादाबाद से आ रहा था नकली माल

Hapur News : जिले में ब्रांडेड कंपनी के नाम से नकली कपड़े बेचने के मामले आएदिन सामने आ रहे हैं। इसी तरह का एक मामला फिर से सामने आया है। एलेन सोली और मुफ्ती के नकली लोअर बरामद किए गए हैं। इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। क्या है पूरा मामला कंपनी के अधिकारी अमनप्रीत ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 20 नवंबर-2023 को उन्होंने नगर कोतवाली क्षेत्र में मैसर्स मेघामार्ट सेल और ब्रांडेड धमाका सेल पर रेड की थी, जिसका उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया था। इस दौरान उन्हें एक पार्टी का पता चला था जो कि इनको माल सप्लाई कर रहा था। ऑनलाइन फेसबुक व यूट्यूब पर वीडियो बनाकर नकली माल को असली बताकर पूरे इंडिया में सप्लाई कर रहा था। उसका नाम लायबा गारमेंट्स है, जिसका पता कठ रोड हिमगिरि मोड हरथला (मुरादाबाद) उत्तर प्रदेश है। नकली लोअर बरामद अमनप्रीत ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि लायबा गारमेंट्स का मालिक बिलाल हापुड़ में बुलंदशहर रोड पर माल सप्लाई करने के लिए आ रहा है। यह जानकारी उन्होंने थाना प्रभारी को दी। पुलिस टीम के साथ वह मौके पर पहुंचे तो मुखबिर ने आरोपी के बारे में जानकारी दी। मौके पर आरोपी को पकड़कर उसके पास से मुफ्ती ब्रांड के 228 पीस नकली लोअर और एलेन सोली के 250 पीस लोअर बरामद किए गए। बिल के बारे में जानकारी की तो आरोपी ने बताया कि यह माल उन्होंने अपनी मुरादाबाद फैक्ट्री में तैयार किए हैं और बाजार में नकली लोअर को असली बताकर सप्लाई करता है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

Source: https://tricitytoday.com/hapur/fake-goods-were-being-sold-as-branded-company-and-were-coming-from-moradabad-in-lower-hapur-district-51343.html